हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 5 मार्च 2024

04 कलेक्टर ने दिए निर्देशः तेज आवाज में बजने वाले...

05 जनसंवाद में लोगों ने उठाए मुद्दे, शहर में अतिक्रमण...





**महा शिवरात्रि पर होंगे विभिन्न आयोजन**

### ग्राम गोंदलमऊ में स्थित है गुप्तकालीन अद्भूत शिवलिंग, बना हुआ है आस्था का केंद्र

# शिवलिंग पर उभरी 1111 शिवलिंग आकृतियां शिवरात्रि पर दर्शन को आते सफेद नागदेवता



राजेंद्र सकलेचा ⏭ नलखेडा

तहसील के ग्राम गोंदलमऊ में स्थित पुरातन शिव मंदिर श्री नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित अद्भुत व चमत्कारी शिवलिंग है। जिस पर ग्यारह सौ ग्यारह शिवलिंग की आकृति उभरी हुई है। इस शिवलिंग के चमत्कार के कईं किस्से ग्रामीणो की जुबान पर है। महाशिवरात्रि पर यहां श्वेत नाग देवता भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए पहुंचते हैं, जिन्हे कईं भक्तों द्वारा देखा गया है। महाशिवरात्रि पर इस मंदिर पर भक्तों का ताता लगेगा जिनके द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक भी किए जाएंगे।

नलखेडा से दक्षिण दिशा में 16 किमी दूर तहसील के ग्राम गोंदलमऊ के शिवमंदिर में स्थापित यह शिवलिंग गुप्तकालीन है। महाशिवरात्रि पर यहां शिवभक्तों का मेला लगता है, जो भगवान भोलेनाथ की विशेष साधना-आराधना कर उन्हे जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बिल्व पत्र चढाते हैं। ऊंची पहाडी पर बसे इस मंदिर के समीप अति प्राचीन बावडी व धर्मशाला के अवशेष आज भी मौजूद हैं। मंदिर के समीप सैकडों वर्ष प्राचीन एक विशाल नैसर्गिक तालाब भी है जो 350 बीघा से भी अधिक भूमि पर फैला हुआ है। इस शिवलिंग के चमत्कार के किस्से यहां के बुजुर्गों की जुबान पर आज भी है। एक चमत्कार यहां आज भी होता है। महाशिवरात्रि पर इस शिवलिंग की आराधना करने पंचमुखी सफेद नागदेवता यहां आते हैं।

ग्राम के विट्ठलप्रसाद, ईश्वरसिंह राजपूत ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के दिन रात्रि के समय में व श्रावण मास में एक बार पंचमुखी सफेद नागदेव भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए यहां आते हैं। इन नागदेवता के दर्शन भी किसी बिरले शिवभक्त को ही होते हैं। नागदेव के दर्शन करने वाले मंदिर के पुजारी ने बताया कि नागराज आकर शिवलिंग पर लिपट जाते हैं व अपनी साधना पूर्ण कर अदृश्य हो जाते हैं।

#### खुदाई में निकलते हैं पुरातन अवशेष

ग्राम गोंदलमऊ ऊंची पहाडी पर बसा हुआ ग्राम है, जिसका इतिहास पुरातन माना जाता है। किंवदंतीयों के अनुसार पुराने समय में यहां कोई तीर्थ स्थान रहा होगा, जो धूलकोट आने पर दब गया होगा। इसी कारण यहां खुदाई के दौरान



पुरातन महत्व के अवशेष निलकते रहते हैं। कुछ वर्षों पूर्व एक स्थान की खुदाई के दौरान जैन धर्म की कईं प्राचीन मूर्तियों के अवशेष भी निकले थे, जो आज भी उज्जैन के जयसिंहपुरा स्थित जैन समाज के संग्रहालय में रखी हुई है। महादेव मंदिर के समीप मौजूद बावडी व धर्मशाला के अवशेष भी उसी समय के प्रतित होते हैं। यदि यहां पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई की जावे तो युगों पूर्व की संस्कृति के अवशेष मिल सकते हैं।

#### विभिन्न प्राचीन शिवालय में भी उमड़ेगी भक्तों की आस्था

इसी के साथ तहसील क्षेत्र के ग्राम ताखला में स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर बड़ागांव स्थित भोगेश्वर महादेव मंदिर तथा लालूखेड़ी स्थित जालेश्वर महादेव मंदिर पर भी भक्तों की आस्था उमड़ेगी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों के द्वारा भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की जाएगी तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी किए जाएंगे।

#### प्रदेश में है एकमात्र शिवलिंग

बताया जाता है कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में यह एकमात्र ऐसा शिवलिंग है जिस पर 1111 शिवलिंग की आकृतियां उभरी हुई हैं, जिन्हे आज भी स्पष्ट देखा जा सकता है। यह शिवलिंग लाल पत्थर का बना हुआ है। ऐसा ही एक शिवलिंग राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध चंद्रभागा नदी के किनारे स्थापित है।

#### कईं दंपतियों को मिला है वरदान

इस चमत्कारीक शिवलिंग पर एक बार अभिषेक करने से 1111 बार अभिषेक करने का लाभ भक्तों को प्राप्त होता है। पुजारी श्री नागर ने बताया कि यहां निःसंतान दंपति संतान प्राप्ति की मन्नत मांगते हैं, जोकि पूरी होती है। ऐसे सैकडों परिवारों को भगवान भोलनाथ की कृपा से संतान प्राप्त हो चुकी है। आसपास के क्षेत्रों के अलावा देश के कईं प्रांतों से यहां भक्त आते हैं और मन्नत मांगते है। मन्नत पूर्ण होने पर धार्मिक आयोजन करते हैं।

### जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आम जनों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव, सबने किया विचार

# जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा स्वयं करें, यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट का उपयोग करेंः डीएसपी खातर





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

रविवार को थाना कानड़ में पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर लोगों ने भागीदारी की यहां आयोजित कार्यक्रम में पुलिस डीएसपी रघुनाथ खातर द्वारा उपस्थित लोगों को प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए कहा कि जनता और पुलिस प्रशासन के बीच तालमेल होना आवश्यक है पुलिस हमेशा जनता के लिए तत्पर होती है पुलिस को कोई भी अपराधी गतिविधि में कोई लिप्त होता है या कोई संदिग्ध होता है तो उसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दी जाए, जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है वहीं सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां की जीवन अनमोल है इसकी सुरक्षा स्वयं करें वह वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें हेलमेट से आपको एक और जहां कानून के नियमों का पालन करना होगा वही स्वयं के सुरक्षा के लिए भी वह कवच का काम करेगा यदि आप नियमों का पालन नहीं करेंगे तो आपका जीवन खतरे में हो सकता है वही सड़क चेकिंग के दौरान यदि आपके पास गाड़ी के कागजात नहीं है हेलमेट नहीं है तो उसे पर आपकी चालानी कार्रवाई होगी और कार्रवाई में आपको 500 से लेकर 2000 तक का अर्थदंड हो सकता है क्यों ना आप ढाई सौ रुपए से 500 का हेलमेट खरीद कर इन तमाम असुविधाओं से बच सकते हैं वही आपके लिए यह सुरक्षा कवच साबित भी होगा लेकिन कई लोग वाहन चेकिंग के दौरान समझाइए देने के बाद चालानी कार्रवाई से बचने के लिए सीएम तक फोन लगा देते हैं और जो होना चाहिए कार्रवाई वह रुक जाती है वह जो इन्हीं के हित में होती है।कार्यक्रम में जनता ने भी सीधे संवाद किया इसमें सुझाव दिए गए इनमें प्रथम आगर सारंगपुर मार्ग पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों की गति को थामने के लिए गतिरोधक बनाने की बात कही गई वहीं स्कूल वाहनों में फिटनेस नहीं होने की बात कही गई की इन तमाम स्कूल के चलने वाले वाहनों की चेकिंग की जाए, आगर व सारंगपुर मार्ग पर लगने वाले साप्ताहिक घाट बाजार के दिन हाईवे मार्ग से सटे स्थान पर बकरा बकरी की खरीदी होती है इस पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई इस पर सीएमओ मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवसिंह चौहान ने तुरंत निर्णय लेकर मीट मार्केट में ले जाने की बात कही वही अन्य मुद्दों पर भी शीघ्र अमल किए जाने की बात कही गई। जन संवाद कार्यक्रम में नगर के भाजपा नेता कैलाश नारायण परिहार, पुर्व नगर परिषद अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह चौधरी,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, शहर काजी सरफराज अली,डीएसपी रघुनाथ खातर,मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव सिंह चौहान, थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह देवड़ा एवं नगर के वरिष्ठ जनों ने भी अपने सुझाव साझा किए साथ ही नगर वासियों द्वारा जन संवाद कार्यक्रम की प्रशंसा की गई।

# विद्यार्थी करेंगे राज्य स्तरीय विशेष शिविर में सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक यशपाल सिंह सोनगरा पिता मोहन सिंह बी.ए. तृतीय वर्ष, पिंकी पुष्पद पिता मोहन लाल बी ए तृतीय वर्ष, आरती मेघवाल पिता रमेशचंद्र बी ए तृतीय वर्ष 3 मार्च, 2024 से 9 मार्च, 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर में सहभागिता करेंगे। उक्त विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. जी एल रावल एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद कुल्मी सहित उनके सहपाठियों ने हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं देकर विशेष शिविर स्थल ग्राम - पनवाड़ी, तहसील-पचौर,जिला- राजगढ़ (मध्यप्रदेश) रवाना किया।

# दिनेश त्रिवेदी को बीईओ का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



विकासखंड के ग्राम धरोला स्थित शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य दिनेश कुमार त्रिवेदी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। साथ ही उन्हें विकासखंड के आहरण संवितरण के अधिकार भी दिए गए है।

सोमवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से दिनेश कुमार त्रिवेदी (मूल पद व्याख्याता) उच्च पद प्रभार प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल धरोला को विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड नलखेड़ा का आहरण संवितरण अधिकार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से सौपा गया है।

### रोस्टर निरीक्षण दल का गठन

आगर-मालवा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला आगर-मालवा का वार्षिक रोस्टर निरीक्षण वर्ष 2023-24 का किये जाने हेतु कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने निरीक्षण दल का गठन किया है। जारी आदेशानुसार गठित दल के प्रभारी सहायक ग्रेड-3 नितिन जादमे होंगे तथा सहायक के रूप में सहायक ग्रेड-3 जतिन वर्मा को शामिल किया है। यह दल जनपद पंचायत आगर, जिला पंजीयक आगर, सिविल सर्जन कार्यालय आगर, जनपद पंचायत सुसनेर, तहसील कार्यालय सोयतकलां एवं लोक निर्माण विभाग का निरीक्षण कर टीप तैयार करेगा। कलेक्टर ने उक्त विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए है कि निरीक्षण के दौरान विभाग प्रमुख दल को सभी आवश्यक रिकार्ड उपलब्ध करवाएं।

### बड़ागांव में पुलिस-नागरिक जन संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया

# अपराध के खिलाफ लोगों का जागरूक होना आवश्यक




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अपराध के खिलाफ लोगों का जागरूक व एकजुट होना अत्यंत आवश्यक है, अपराध की संख्या वही अधिक रहती है, जहां लोगों में एकजुटता व जागरूकता का अभाव रहता है। पुलिस और जनता के बीच जन संवाद के द्वारा दूरियां कम हो और आम आदमी अपनी व अपने क्षेत्र की लोक कल्याणकारी बातें पुलिस को सहज बता सके जिससे क्षेत्र में अमन और चैन की बंशी बजती रहे। इसी महान उद्देश्य को मूर्त रूप देने हेतु पुलिस चौकी बड़ागांव पर आदर्श जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया।

कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक कालूराम मंडोद ने बताया कि प्रदेश शासन की परिकल्पना को साकार करने एवं क्षेत्र में शांति, सद्भभाव, आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना के साथ हम सब कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं।आप भी निर्भीक होकर पुलिस से रूबरू बात कर या दूरभाष से सत्य घटना बताएं जिससे अपराध पर नियंत्रण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ लोगों का जागरूक व एकजुट होना अत्यंत आवश्यक है। आज के दौर में लोग जाति, धर्म व आपसी मनमुटाव में बिखरे हुए हैं। यदि हम आज एकजुट नहीं है तो कल हम स्वयं किसी अपराध का शिकार हो जाएंगे। अतः हमें एकजुट होकर ऐसे लोगों के खिलाफ आवाज उठाना है।

कार्यक्रम में कवि एवं शिक्षक मांगीलाल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि पुलिस मां के समान होती है, जिस प्रकार मां अपने बच्चों का हर संभव शुभ चिंता कर उसका सर्वांगीण विकास करती है। तभी तो देशभक्ति और जन सेवा का आदर्श पुलिस को मिला है। पुलिस के साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर निःस्वार्थ भाव से विश्व कल्याण की भावना से कार्य करें।

जन संवाद के इस कार्यक्रम में पुलिस चौकी के सभी कर्मियों के साथ क्षेत्र के चौकीदार तथा जनप्रतिनिधियों व नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया गया।

इस अवसर पर नागरिकों द्वारा पुलिस से विभिन्न विषयों को लेकर जन संवाद भी किया गया।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने नपा अध्यक्ष का किया स्वागत



आगर मालवा । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे ने नगर पालिका अध्यक्ष निलेश पटेल का भाजपा में शामिल होने की खुशी मे पटेल को पुष्पमाला पहनकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रियाज खान ,जिला उपाध्यक्ष सुनेन खान, आमिर खान राही आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**हाटपीपल्या।** भारत के किसानो के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना विगत पाँच वर्ष पूर्व प्रारम्भ की गई थी तथा 16 वीं किश्त की राशि 28 फरवरी को किसानो के खातों में डाली जा चुकी है। उक्त योजना में किसानो को एक वर्ष में तीन बार दो-दो हजार रूपये कुल छह हजार रूपये वार्षिक देना प्रारम्भ किया गया जो किसानो को निरन्तर नियमित रूप से मिल रही है। भारत कृषि प्रधान देश है। देश के किसान कडी मेहनत करके अन्न उत्पादन करके देश की जनता का पेट भरते हैं। खेती में फसल उत्पादन की लागत और मंहगाई बढ रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि 6 हजार रूपये से बढाकर 12 हजार रूपये वार्षिक किया जाना समय की मांग है। उक्त मांग को लेकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित देवास के पूर्व उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र जायसवाल एडव्होकेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा को सौपा। ज्ञापन में देश के नवीन रूप से भूमि खरीदने वाले किसानो एवं मृत किसानो के उत्तराधिकारियों को भी इस योजना में सम्मिलित कर लाभ प्रदान करने की भी मांग की गई है।

## कथा के चलते भारी वाहन मक्सी, शाजापुर होते हुए जाएंगे भोपाल

**देवास।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सीहोर जिले के कुबरेश्वर धाम में प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा की कथा दिनांक 07 से 13 मार्च (एक सप्ताह) तक आयोजित होगी। इसके लिए देवास जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कथा के दौरान देवास जिले से गुजरकर भोपाल जाने वाले भारी माल वाहकों के लिए ट्रॉफिक डायवर्ट किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि देवास बायपास से भारी माल वाहनों के मार्ग का डायवर्सन किया जाएगा।

### कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक हुई आयोजित

# कलेक्टर ने दिए निर्देश: तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर करें कार्रवाई

### सांसद और विधायक निधि से स्वीकृत नवीन कार्यो को शीघ्र शुरू करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण प्रजापति सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। कलेक्टर गुप्ता ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि जिले में तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर कार्यवाही करें। सांसद और विधायक निधि से स्वीकृत नवीन कार्यो को शीघ्र शुरू करें। जिले में निर्माणाधीन आंगनवाडी केन्द्रों का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। जिले के तालाबों में समिति बनाकर मत्स्य पालन की कार्यवाही करें।

कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिये कि सभी अनुविभागीय अधिकारी अभियान चलाकर जिले में खुले बोरिंग को बंद करने की कार्यवाही करें और कुओं के आसपास चार फीट की मुंढ़ेर बनाये। कलेक्टर गुप्ता ने विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए टीएल प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में होस्टल एवं एनआरसी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। गिरदावरी, सीमांकन, नामांकन, बंटवारे के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें। गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन में पूर्ण हो चुकी योजनाओं को समिति बनाकर स्व सहायता समूह के माध्यम से संचालित करें। जिले को सुकन्या जिला बनाने के लिए बालिकाओं का सुकन्या खाता खोलने और राशन वितरण के लिए हितग्राहियों के मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग कार्य के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगातार आयोजित किये जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में ''मेरी शाला संपूर्ण शाला'' अभियान में स्कूलों में जन सहयोग से फर्नीचर प्राप्त करें। कलेक्टर गुप्ता ने एनआसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। जिले में सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने पर कोटपा अधिनियम के तहत निरन्तर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की समीक्षा कर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को अगले लेवल में न जाने दें, पहली प्राथमिकता रखते हुए शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। कोई भी शिकायत अनअटेंडेंट नहीं रहे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का एल-1 पर ही निराकरण करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि 100 दिवस से अधिक एक भी शिकायत लम्बित नहीं रहना चाहिए। शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जायेगी।



# घर के सामने खड़ी टवेरा गाड़ी चुरा ले गए चोर

**घटना सीसीटीवी में हुई कैद**



**चापड़ा।** मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई टवेरा गाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

इन दिनों चापडा क्षेत्र में अज्ञात चोर गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है। कभी घरों में चोरी का प्रयास किया जा रहा है तो कभी घर के सामने खड़े वाहन चुरा ले जा रहे हैं। 1 मार्च की रात्रि को भी चोर गिरोह चोरी की नीयत से घर में घुस थे, लेकिन वहां पर चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे पाए। रविवार सोमवार रात्रि दरमियां घर के सामने खड़ी टवेरा गाड़ी चुराने में सफल हो गए।

जानकारी के अनुसार राहुल पाटीदार जो कि चापड़ा के नेमावर रोड पर किराए के घर में रहता है, हमेशा की तरह रात को टवेरा गाड़ी घर के सामने खड़ी की,रविवार सोमवार दरमियां रात अज्ञात चोर लाक तोड़कर टवेरा चुरा लें गए। हालांकि घटनाक्रम सामने लगे एक सीसीटीवी कैमरे में केद हुआ है, केमरे के अनुसार बाइक से तीन व्यक्ति आए थे। एक तरफ बाइक खड़ी कर एक व्यक्ति गाड़ी के पास गया और लाक तोड़कर गाड़ी को स्टार्ट कर चुरा ले गया। पीछे से बाइक पर सवार अन्य साथी भी गाड़ी के पीछे-पीछे चले गए। फरियादी राहुल पाटीदार द्वारा बागली थाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

राहुल ने बताया है कि फुटेज के आधार पर गाड़ी इंदौर की ओर गई है। रास्ते के भी सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है। पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया है कि डायल हंड्रेड द्वारा लगातार रात्रि गस्त की जा रही है। फरियादी द्वारा शिकायत दर्ज की गई है, जिसके आधार पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जिसमें गाड़ी इंदौर की ओर जाना पाई गई है, इस और उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महारूद्र महायज्ञ व भागवत कथा की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

प्राचीन श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर करनावद में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय पंचकुंडत्मक महारूद्र महायज्ञ एवं भागवत कथा प्रारंभ हुई। कर्णेश्वर महादेव मंदिर पर पंचकुंडत्मक महारूद्र महायज्ञ में यज्ञ आचार्य पंडित ओम प्रकाश शर्मा, बागली के व्याग चेतन पीठम आश्रम के प्राचार्य कनिष्क द्विवेदी ने यज्ञ के 17 जोड़ो को विधि-विधान पूर्वक यज्ञशाला में प्रवेश कराया। सोमवार को सभी यज्ञ में बैठने वाले यजमानों दंपति का दशविधि स्नान, प्रयाश्चित कर्म पश्चात मंडप प्रवेश हुआ। मंदिर सात दिवसीय श्री भागवत कथा के प्रथम दिन पंडित अजय पुरोहित ने कथा की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने भागवत के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। भागवत कथा में क्षेत्र आसपास से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। अंत में व्यासपीठ की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।



## हाटपीपल्या में पत्रकार संघ की नवीन कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हाटपीपल्या


लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से कर समाज को नई दिशा एवं दशा दिखाता हैं ।समाज में बदल रहे पल पल प्रतिपल घटनाक्रमों को वह अपने समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचाता हैं। ऐसे पत्रकारों के समूह में से एक पत्रकार संघ की नवीन कार्यकारिणी पूर्व अध्यक्ष शाकिर मंसूरी की अध्यक्षता में घोषित हुई । जिसमें अध्यक्ष पद पर पंडित अनिल लाड़, सचिव पद पर पंडित आर्य भूषण शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर गुलरेज मंसूरी निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारीयों का पुष्पमाला से अभिनंदन किया गया। नवीन सदस्य नौशाद पटेल का भी पुष्पमाला से अभिनंदन किया। उपरोक्त अवसर पर संघ सदस्य पूर्व अध्यक्ष करीम खान ,पंडित कपिल त्रिवेदी, संजू सिसोदिया, आशीष जायसवाल आदि उपस्थित थे।



# टीएससी लिमिटेड ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

टीएससी लिमिटेड, राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के राष्ट्रव्यापी पालन में अपनी भागीदारी की घोषणा करती है। सुरक्षा और कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित, टीएससी लिमिटेड अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कार्यस्थल में सुरक्षा प्रथाओं के महत्व की एक मार्मिक अनुस्मारक के रूप में मनाया जाता है। टीएससी लिमिटेड ने इस दिन को अपने सुरक्षा शिष्टाचार को सुदृढ़ करने और अपने कार्यबल के बीच जागरूकता बढ़ाने के अवसर के रूप में मनाया। 53 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में, टीएससी लिमिटेड ने सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम के शुरुआत में हरेन्द्र सेंधव द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख अनुप नायर, साइट प्रभारी एल.एन.श्रीवास, ईएचएस प्रमुख डॉ. सतीश सैनी, सिविल हेड शैलेन्द्र पचौरी ने सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के दौरान श्रमिको को सुरक्षा जागरूकता बैज एवं पुरुस्कार वितरित किये गए। इस दौरान कंपनी के कई पदाधिकारी जिनमे अनुभव जॉन, चेल्लासामी, अबिनाश, रविन्द्र, समीर, मनीष पटेल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मोहित दशोरा ने किया व धन्यवाद संबोधन राजेश मालिक द्वारा दिया गया।



# बैंक नोट मुद्रणालय में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

बैंक नोट मुद्रणालय देवास में 53 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 4 मार्च 2024 को हुआ। मुद्रणालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों के बीच संरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। मुख्य महाप्रबंधक एस. महापात्र ने संरक्षा ध्वज फहराकर उपस्थित सभी कर्मचारियों को 53 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की शुभकामनाएं दी एवं सभी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को संरक्षा शपथ दिलवाई।

अपने उद्बोधन में मुख्य महाप्रबंधक महोदय ने संरक्षा क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों को बताया तथा उन्हे प्राप्त करने का श्रेय प्रत्येक कर्मचारी को दिया। मुद्रणालय को संरक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई से प्रशंसा पत्र एवं सेफ्टी काउंसिल भोपाल से 7 स्टार सेफ्टी अवार्ड प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया । उन्होने कहा कि कि संरक्षा कोई एक दिन का कार्य नहीं हैं यह एक सतत प्रक्रिया हैं । सभी कर्मचारियों को कार्य के दौरान जागरूक रहकर व्यक्तिगत संरक्षा साधन जैसे दस्ताने, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करना चाहिए । इससे हमारा संस्थान दुर्घटना मुक्त कारखाने के रूप में आगे बढ़ता रहेगा । संरक्षा विभाग के कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुए संरक्षा अधिकारी अनुराग वर्मा ने मुद्रणालय में संरक्षा अनुभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न संरक्षा संबंधी कार्यक्रमों के बारें में कर्मचारियों को बताया । इस अवसर पर औद्योगिक गृह व्यवस्था पर लीफलेट का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम में संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा प्रदर्शनी आयोजन किया गया एवं अग्निशमन एवं रेस्क्यू से संबन्धित डेमो भी दिया गया ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक केएन महापात्र और अपर महाप्रबंधक डी.के. डेका, सी.आई.एस.एफ असिस्टेंट कमांडेंट जी के सोमवंशी, अग्नि निरीक्षक बी बी कुर्मी के साथ यूनियन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बीएनपी प्रबंधन द्वारा परंपरागत सेफ्टी शूज के स्थान पर स्पोर्ट्स पैटर्न के उच्च गुणवत्ता वाले सेफ्टी शूज उपलब्ध करवाने पर कर्मचारियों एवं श्रम संगठनो ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग वर्मा ने किया, आभार संरक्षा समिति सदस्य महेश चन्दन ने माना।



### 9 मार्च को न तुम जीते न मैं हारा की भावना के साथ आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार-रथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मधुसूदन मिश्र के मार्गदर्शन में 09 मार्च शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर इस वर्ष की प्रथम ''नेशनल लोक अदालत'' का आयोजन किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मधुसूदन मिश्र द्वारा प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ-साथ नगर पालिक निगम देवास एवं विद्युत वितरण कंपनी के प्रचार वाहनों को भी नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया। प्रचार-रथ द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जाएगा एवं आमजन को नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जागरूक किया जाएगा। निहारिका सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 09 मार्च को देवास मुख्यालय एवं तहसील सोनकच्छ, बागली, कन्नौद, खातेगांव एवं टोंकखुर्द के न्यायालयों में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित एवं वादपूर्व समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण मामले, विद्युत चोरी प्रकरण, चैक बाउन्स, बैंक रिकवरी, श्रम मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, भू-अर्जन, नगर निगम के जलकर एवं संपत्तिकर, बीएसएनएल के प्रकरण आदि विषयक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। संपूर्ण जिले में अब तक समस्त न्यायालयों के 4835 लंबित प्रकरण एवं 5222 प्रिलिटिगेशन के प्रकरण नेशनल लोक अदालत में निराकरण हेतु रेफर किए गए हैं। उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु समस्त संबंधित पक्षकारों को सूचना पत्र जारी कर दिए गए हैं। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु बीमा कंपनियों, विद्युत विभाग, बैंक, नगर निगम आदि के साथ 55 प्रिसिटिंग आयोजित की गई हैं। नेशनल लोक अदालत में बीमा कंपनियों, विद्युत कंपनी, बैंक, नगर निगम एवं बीएसएनएल के प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारीगण न्यायालय परिसर में ही स्टॉल लगाकर उपस्थित रहेंगे। प्रकरणों का निराकरण होने पर पक्षकारों को स्मृति के रूप में एक-एक पौधा भेंटकर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। पक्षकार संबंधित न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में ''न तुम जीते न मैं हारा'' की भावना के साथ राजीनामा के आधार पर मामले का शीघ्र और बिना किसी व्यय के निराकरण होता है इससे पक्षकारों के बीच का प्रेम और स्नेह बना रहता है। नेशनल लोक अदालत में दीवानी एवं चैक अनादरण से संबंधित प्रकरणों में न्याय शुल्क की राशि की नियमानुसार वापसी होती है जिससे पक्षकारों को अतिरिक्त लाभ होता है। अतः अधिक से अधिक पक्षकार इस अवसर का लाभ उठायें।

कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश दिनेश प्रसाद मिश्र, प्रथम जिला न्यायाधीश मनीष सिंह ठाकुर, द्वितीय जिला न्यायाधीश सोनल पटेल, सीजेएम रविकांत सोलंकी, न्यायाधीशगण नेहा पाराशर, रश्मि खुराना, श्वेता अग्रवाल, आफरीन युसूफजई, सौरभ जैन, पारूल जैन, संध्या मुद्गल, दधिचि रेवड़ियि कार्यपालन यंत्री सहित म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी एवं नगर पालिका निगम के अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण ए.आर. अंसारी, मयंक माधव, योगेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे।




# चापड़ा के समीप सड़क हादसे में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर सड़क हादसे थमनें का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार सुबह चापड़ा के समीप फिर एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छगन पिता शिवकरण निवासी नीमसा तहसील सतवास बाइक से चापड़ा की ओर आ रहा था। इस दौरान चापड़ा अमरपुरा के बीच में सड़क हादसे का शिकार हो गया। सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड चापड़ा पायलट कन्हैयालाल पटेल एवं प्रभारी आशीष मकवाना और सैनिक गुलाब सिंह सेंधव घटनास्थल पर पहुंचे। घायल युवक को डायल हंड्रेड की मदद से शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया। डॉक्टर द्वारा घायल युवक को मृत घोषित कर दिया गया। युवक की पहचान उसके पास से निकले आधार कार्ड से की गई, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार युवक सतवास से चापडा की ओर आ रहा था। इस दौरान घटनास्थल पर आगे जा रहे एक वाहन में पीछे से टकरा गया था, और हादसे का शिकार हो गया। हादसे के दौरान मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक तेज गति से सतवास की ओर से आ रहा था, उसी दौरान घटनास्थल पर सड़क किनारे एक डंपर खड़ा हुआ था, जिसके कारण सामने चल रहे वाहन चालक ने स्पीड धीमी कि ओर उस दौरान बाइक चालक तेज गति में होने के कारण अपनी बाइक को नियंत्रण में नहीं कर पाया और पीछे से वाहन में जा घुसा। अक्सर इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर देखने में आता है, की बाइक चालक अंध गति से बाइक चलाते हैं, और हादसे का शिकार होते हैं, और अपनी जान गवा बैठते हैं।

**खबर संक्षेप**

## अनियंत्रित होकर पलटा पीकअप वाहन



**जावर।** जिले के जावर थाना क्षेत्र अन्तर्गत इंदौर भोपाल हाइवे स्थित मेहतवाड़ा बायपास पर एक लोडिंग पीकअप वाहन अनियंत्रित होकर देर रात करीब 12 बजे पलट गया। जिसमें सवार करीब 7 से 8 लोग घायल हुए एक व्यक्ति को आई गम्भीर चोट सभी घायलों को 108 इमरजेंसी वाहन की मदद से जावर हॉस्पिटल में निजी उपचार हेतु लाया गया वही गम्भीर घायल व्यक्ति को देवास रेफर किया गया।

## महेंद्र सोलंकी को पुनः भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर मनाया जश्न



**आष्टा।** भाजपा ने जारी की पहली सूची में देवास शाजापुर लोकसभा सीट से महेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट मिलने पर विधायक गोपाल इंजिनियर ने भाजपा नेताओ के साथ अपने सुभाष नगर स्थित निवास पर जश्न मनाया और जमकर अतिशबाजी क। विधायक गोपाल इंजिनियर के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा और अन्य नेताओ ने महेंद्र सोलंकी को टिकट मिलने पर जमकर खुशी जताते हुऐ ढोल नगाड़ों पर झूमे। इस दौरान विधायक गोपाल इंजिनियर ने मिडिया से चर्चा करते हुऐ कहा की महेन्द्र सोलंकी ईमानदार और कर्मठ भाजपा नेता है। उनको टिकट मिलने की खुशी में कार्यकर्त्ताओ के साथ ख़ुशी मनाई जा रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बार 400 पार के नारे को साकार कर मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटो पर भाजपा विजय होगी। महेन्द्र सोलंकी देवास शाजापुर लोकसभा सीट से 5 लाख से अधिक मतों से विजय होगें। इस दौरान विधायक गोपाल इंजिनियर सहित मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा , विशाल चौरसिया, ऋषि विश्वकर्मा, दसरथ ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर सहित भारतीय जन्ता पार्टी के अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।

### पुलिस विभाग ने आयोजित किया जनसंवाद कार्यक्रम

# जनसंवाद में लोगों ने उठाए मुद्दे, शहर में अतिक्रमण हटे तो सुधरे यातायात व्यवस्था

**आष्टा में हुए पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों ने बताई क्षेत्र की समस्याएं, एसडीओपी ने दिया हल करने का भरोसा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




रविवार को शहर के जनपद का पंचायत कार्यालय के सभाग्रह में पुलिस जनसंवाद जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, नागरिक उपस्थित रहे। यहां जरूर है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा सूचना अभाव के चलते पुलिस जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की उपस्थिति कम रही पीछे कुर्सियां खाली नजर आई। दरअसल आज से पूरे प्रदेश भर में पुलिस विभाग द्वारा जन संवाद जन समस्या शिविर की शुरुआत की गई है जिसमें विभाग के अधिकारी लोगों की समस्याएं सुनेंगे और हल करेंगे।

कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि अतिक्रमण के कारण कन्नौद रोड पर निकलना मुश्किल है, अस्पताल चौराहे पर सबसे ज्यादा समस्या है नया दशहरा मैदान पर भी अतिक्रमण की समस्या है इन समस्याओ को हल की जाए। भट्ट ने कंजर मूवमेंट की समस्या से भी अवगत कराया की क्षेत्र में किस तरह बाइक चोरी की घटनाएं होती हैं उस पर ध्यान दिया जाए। अलीपुर के कन्हैयालाल गहलोत ने कहा कि अलीपुर चौराहे पर हमेशा भीड़ भांड रहती है यहां पर पुराना भोपाल इंदौर मार्ग के वहान भी निकालते हैं और रोड पर वहां खड़े रहते हैं कोई भी ट्रैफिक व्यवस्था नहीं है कृपया पुलिस विभाग यहां पर पुलिस जवान तैनात करें। पार्षद डॉक्टर सलीम ने कहा कि पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर अलीपुर में रोड पर वहान खड़े रहते हैं। जिससे लोगों को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं का अंदेशा रहता है। दिनेश शर्मा ने कहा कि शहर में बेधड़क पुलिस प्रशासन लिखे हुए वाहान चल रहे हैं बिना नंबर प्लेट के वाहान सरपट दौड़ रहे हैं विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, नागरिकों ने प्रमुखता से बात रखी सभी की बात सुनने के बाद एसडीओपी आकाश अमल करने कहा कि पुलिस विभाग ने जन संवाद कार्यक्रम रखा ही इसीलिए है कि लोगों की समस्याएं सुनी जाए और उन्हें हल की जाए आप लोगों ने ट्रैफिक व्यवस्था ,बाइक चोरी सहित अन्य समस्याएं बताई है जल्द ही हल की जाएगी उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपने दुकानों और मकान के सामने सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाने चाहिए ताकि घटना दुर्घटना आदि में सहायता मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि शहर में नगर पालिका समय-समय पर अतिक्रमण मुहिम चला कर अतिक्रमण हटाती है नागरिकों से और दुकानदारों से मेरा निवेदन है कि वह शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें।

### कार्यक्रम में यह भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में एसडीएम आनंद सिंह राजावत ,एसडीओपी आकाश आमलकर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट ,बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी, शहर काजी आरिफ फजले बारी ,शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, पार्षद भैया मियां, डॉ सलीम, रवि शर्मा, कोमल जैन , दिनेश शर्मा सरवर भाई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिक शामिल हुए।

## श्यामपुर पुलिस ने नागरिकों से किया संवाद



**श्यामपुर।** नागरिकों से चर्चा करते हुए पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना श्यामपुर आस्था गर्लस कालेज में पुलिस द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जन संवाद के माध्यम से पुलिस नगर व संपूर्ण थाना क्षेत्र के गण्यमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि गणशासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित हुए। सुरक्षा से संबंधित जानकारियां, आम नागरिकों की पुलिस से अपेक्षा व पुलिस की कार्यप्रणाली मैं सुधार व प्रभावी बनाने को लेकर वन-टू-वन चर्चा की।

इस संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक, व्यापारीगण, आमजन, अधिवक्ता, पत्रकारों से सीधी चर्चा की गई। और सभी नागरिकों ने पुलिस के सामने पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर अपने अपने सुझाव रखे । इस जन संवाद के माध्यमसे सभी नागरिकों ने पुलिस के जन संवाद के लिए पुलिस की सराहना की है।

इस अवसर पर थाना प्रभारी रामबाबू राठौर उप निरीक्षक राकेश शर्मा उप निरीक्षक सुनील कुमार द्विवेदी, जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर के एस बघेल, सहायक अभियंता लखन दुबे, डॉक्टर शर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच नवीन चौहान, विधायक प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार, जनपद सदस्य विनोद परिहार, जनपद सदस्य परमानंद मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, रामस्वरूप मालवीय, मंडल महामंत्री गुलाब सिंह प्रजापति, प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पटेल, प्रशांत शर्मा, सुरेश ठाकुर, नवदीप श्रीवास्तव, सुनील यादव, जाकिर हसन, इमरान खान, अन्नू भाई व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## जावर थाने में हुआ पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



थाना जावर में पुलिस जन संवाद का आयोजन टी आई आर एन मालवीया की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित ग्रामिक क्षेत्र के सरपंच, पार्षद, जन प्रतिनिधि, नागरीक, पत्रकार उपस्थित थे। जन संवाद के दोरान टी आई राम नारायण मालविया ने कहा की अपराधो को लेकर आम जनता सजग रहे। किसी प्रकार के अपराध को घटित होते देखे तो उसकी सुचना पुलिस को दे आपकी जानकारी पुलिस द्वारा दोप्नीय राखी जाएगी आपके सहयोग से ही हम अपराधी को पकड़ने में सफल होकर कार्यवाही की जाएगी। संवाद के दोरान टीआई मालविया ने कहा कि सरारती और अपराधियों की को सख्ती के साथ कार्यवाही की जाएगी। इस बात का में आश्वसन देता हु। नगर की कस्बा चोकी को लेकर भी कहा की चोकी में भी प्रभारी नियुक्त कर चोकी को प्रारंभ किया जायेगा। चोकी प्रभारी के रूप में बीएल वर्मा की तैनाती की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अकबर सिद्दीकी ने किया और टीआई श्री मालविया ने उपस्तिथ जन प्रतिनिथि और गणमान्य का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जय सिंह ठाकुर, खुमान सिंह पटेल, संजय अजमेरा, किशोर पाटीदार कजलास, सरपंच रजा ठाकुर, सरपंच दिनेश शर्मा, अय्यूब बेग, देवेन्द्र ठाकुर, वीरेंदर ठाकुर, शेलेश वेद, भीष्म सिंह, पप्पू डॉ राजेंद्र सिंह, कमल कुमार जैन, दिलीप जैन, हामिद मंसूरी, वीजेंद्र सिंह, झिलेल सरपंच अहद सिद्दीकी, हिम्मत सिंह, त्रिलोक शर्मा, अजय सिंह सेठ उपस्तिथ थे।

## पुलिस जनसंवाद में ग्रामीणों ने रखे अपने सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज




सिद्धिगंज पुलिस थाने में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सिद्धिगंज थाना क्षेत्र के आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिनमें ग्रामीणों द्वारा अपने अपने सुझाव रखे गये। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में हो रहे अपराधों को रोकने के लिए अनेक प्रकार के सुझाव दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया गया है कि क्षेत्र में हो रहे अपराध व कोई भी घटना होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ना कि अपराध को छुपाए। ताकि अपराध करने वाले को दंड मिल सके। थाना परिषद में जन संवाद में उपस्थित सरपंच महेंद् सिंह काजले, उप सरपंच नंदकिशोर बागवान, गांव के पटेल राजेंद्र सिंह ठाकुर,बद्री लाल गहलोत, फैजुल्ला खान, भूरा भाई, ज्ञान सिंह चौहान कवटिया नाला, गजराज सिंह ठाकुर घुराडा कला ,उमडदड ग्राम पंचायत के सरपंच अमर सिंह चौहान, ने अपने सुझाव में कहा सिद्धि गंज बस स्टैंड पर शराब का ठेका हटाया जाए। आसपास क्षेत्र के ग्रामीण पुलिस जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे जहां पर थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह राजपूत ने लोगों से अपने-अपने सुझाव सांझा करने की बात कही। पुलिस से संबंधित किसी प्रकार की कोई शिकायत भी हो तो बताएं। कार्यक्रम में सरपंच महेंद्र सिंह काजले उपसरपंच नंदकिशोर, भगवान, बद्री प्रसाद गहलोत, ज्ञान सिंह चौहान, गजराज सिंह ठाकुर, सरपंच अमर सिंह चौहान, पत्रकार दिनेश पटवा, अरुण श्रीवास्तव संतोष चौहान, संतोष करोरीया, राजेंद्र धारवा, राहुल ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## एंजल्स स्कूल के बच्चों को कार्यक्रम आयोजित कर दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के वार्ड 17 में स्थित एंजल्स पब्लिक हाई स्कूल में कक्षा नवमी के बालक- बालिकाओं द्वारा कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। जिसमें कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, कविता संगीत कॉमेडी स्किट स्पीच की प्रस्तुति दी। कक्षा दसवीं के 63 छात्र/छात्राओं द्वारा बहुत शानदार रैम्प वॉक की गई। जिसमें से 12 बच्चे 6 बालक, और 6 बालिका का चयन हुआ। इसके पश्चात सेकंड राउंड में म्यूजिकल चेयर के द्वारा 4 बच्चे दो बालक, दो बालिका का चयन हुआ। इसके बाद थर्ड अंतिम राउंड में सिलेक्टेड चारों विनर छात्र-छात्राओं से जनरल अवेयरनेस के प्रश्न पूछे गए। इसके पश्चात विनर श्री फेयरवेल उमेश मेवाड़ा तथा मिस फेयरवेल प्राची परमार रहे। विद्यालय के प्राचार्य महोदय के द्वारा मिस एंजल्स, एवं मिस्टर एंजल्स का अनाउंसमेंट किया गया। जो कि बच्चों के स्कूल के एकेडमी परफॉर्मेंस, बिहेवियर पर चयन किया गया। जिसमें मिस एंजल्स का अवार्ड मिस अनुभा जोशी, तथा मिस्टर एंजल्स का अवार्ड मोहित बघेल को दिया गया।

## जावर पुलिस ने जब्त की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस अधीक्षक सीहोर मंयक अवस्थी द्वारा जिले में अवैध शराब की रोकथाम के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं आकाश अमलकर एस.डी.ओ.पी. आष्टा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 61 लीटर अवैध शराब सहित मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मुखविर से अवैध शराब बिक्री हेतु ले जाने कि सूचना मिलने पर एक टीम गठित की गई तथा मुखविर के बताए स्थान छोटी छायन जोड मांगलिक भवन के पास पुलिया पर, ग्राम बमुलिया रायमल पहूचे जहा मुखविर के बताए हुलिए का व्यक्ति दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ की मदद से पकडा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अरविन्द पिता मांगीलाल ठाकुर जाति सेंधव उम्र 39 साल निवासी ग्राम परोलिया का होना बताया जिसकी मोटरसाईकल पर एक बोरा बीच में कटा हुआ लग्गड बना हुआ जिसमें कुल 61 लीटर 540 मि.ली कीमती करीबन 24010 रूपये शराब रखी पाई गई, आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट की परिधी का होने से आरोपी के कब्जे से 61 लीटर देशी प्लेन मदिरा कीमती 24010 रू. एवम प्रयुक्त मोटरसाईकल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना जावर मे अपराध क्र 57/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक आर.एन. मालवीय,उनि बी.एल वर्मा, प्रआर 633 मृत्युंजय तिवारी, आर 454 बलराम देशवाली, आर 624 मनोज जाट, आर 275 सचिन भानेरिया का सराहनीय योगदान रहा है।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर विराजित है पूज्य गुरुदेव मुनि भूतबलि सागर महाराज

# मां की वाणी में दम है तो मां जिनवाणी की वाणी में कितना दम होगा: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



काम में विध्न न आएं, इसलिए सामंजस्य से काम करना चाहिए।मिथ्यादृष्टि लोग विवाद करना चाहते हैं, लेकिन हमें विवाद नहीं करना है, ऐसा ही प्रयास करें।जिनेंद्र भगवान की वाणी का रसपान करें, कर्मों की निर्जरा होकर पुण्यार्जन होगा आपने सभी कर्मों को जीत लिया है ,इसलिए आप जिनेंद्र कहलाते हैं।तत्व क्या है, तत्वों का सार क्या है।एक वस्तु में अनेक गुण है। सुनेंगे सब की , लेकिन करेंगे धर्म की।

जब मां की वाणी में दम है तो मां जिनवाणी की वाणी में कितना दम होगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनि भूतबलि सागर महाराज एवं मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा कि इस कलयुग में मिथ्या से कल्याण नहीं। हनुमान जी एवं विभीषण ने सत्य ओर धर्म का साथ देते हुए श्री राम के साथ आए। जिनेंद्र भगवान की वाणी का रसपान करें। डॉक्टर, गुरु व बड़े जन से मृदु वचन बहुत अच्छे लगते हैं।जल शीतल है,चंदन शीतल है, फिर भी शांति नहीं। भगवान की वाणी शीतल कर देती है। भगवान की वाणी सुनने से हमारा कल्याण होगा, भगवान को सुनाने से कल्याण नहीं होगा। हमेशा भगवान की सुनें एवं बड़ों की सुनकर अपने जीवन में अनुशरण करें। जिनेंद्र की वाणी में कषाय नहीं है।बचपन से ही मधुर वाणी बोलते हैं। जिनेंद्र भगवान वीतरागी है,शीतल है, इसलिए उनकी वाणी को सुनें। समझदार के लिए इशारा काफी है। स्वध्याय से अंतरंग में शीतलता आ जाती है। मुनिश्री ने कहा कि रात्रि में भोजन और पूजन नहीं होती। शांतिनाथ भगवान एवं शीतलनाथ भगवान की सुनें, तभी कल्याण होगा।

जब मां की वाणी में दम है तो जिनवाणी मां की वाणी में कितना अधिक दम है। मां के समझाने पर रुठा हुआ बालक मान जाता है। असली शांति तो भगवान की वाणी और स्वाध्याय से ही मिलेंगी।पूजन और स्वाध्याय अलग -अलग कर रहे हैं, जबकि मिले सुर मेरा तुम्हारा की तर्ज पर साथ - साथ पूजन व स्वाध्याय करें।आज स्थिति यह है कि 70 साल बाद भी मन के विकार दूर नहीं हो रहें और मन साफ नहीं हो रहा है। पूजन कम करों, स्वाध्याय अधिक करें।आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। प्रेम से बोलो और प्रेम के साथ रहें।

आपका व्यवहार अच्छा है। कठोरता में कोमलता होना चाहिए।हित मित वचन बोलने चाहिए। मुनि सागर महाराज ने कहा कि स्वाध्याय परम तप की श्रेणी में आता है।सम्यकज्ञानी मनमानी नहीं करते।जैनेतर की श्रद्धा देखी जाती है।पाप एवं अर्थ क्षेत्र में ड्रेस कोड लागू है, लेकिन धर्म क्षेत्र में नहीं। मंदिर के लिए भी कानून अर्थात ड्रेस कोड लागू होना चाहिए। भावना बदलना है तो एक रुपता लाए। धर्म क्षेत्र की अलग एवं एक जैसी ड्रेस होना चाहिए।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ दीक्षांत समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत ग्रामीण शिक्षा सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर अरोलिया पार में शनिवार को कक्षा अष्टम के भैया/ बहिनों का दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम किया गया। जिसमे विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम योगी उपस्थित रहे और आचार्य अरुण तंवर, दीदी पूजा पाटीदार, प्रीति पाटीदार, तन्नु विश्वकर्मा, रेखा गोरिया उपस्थित रहे। जिसमे कक्षा अष्टम के भैया बहिनों को भगवान राम लला की तस्वीर दे कर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया इसी के साथ ही सहभोज का कार्यक्रम किया गया। जिसमे विद्यालय के सभी कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के भैया बहिन और आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

### श्रमिक और व्यापारियों के बीच नहीं बन सकी सहमति

# शुजालपुर कृषि उपज मंडी में हंगामा रुकी नीलामी, किसान रहे परेशान






हरिभूमि न्यूज ⏭ शुजालपुर

सोमवार को एक बार फिर अचानक बिना सूचना कृषि उपज मंडी में काम बंद होने से किसान परेशान होते रहे किसानों ने जब मंडी सचिव को तकलीफ बताना चाही, तो वह गैर जिम्मेदाराना तरीके से किसानों से बात करते नजर आए। 50 किलो बारदान में उपज भरवाने के नियम को लागू कराने व्यापारियों और हम्मालों में सहमति नहीं बनने से कृषि उपज मंडी में हंगामा जारी है। काम बंद होने से सैकड़ों किसान अपनी उपज की ई प्रवेश पर्ची कटने के बाद भी तौल, नीलामी कार्य नहीं होने से परेशान हो रहे है।शुजालपुर कृषि उपज मंडी में काम करने वाले श्रमिक हम्माल संघ ने दो दिन पहले कृषि उपज मंडी प्रशासन को पत्र दिया था। इस पत्र में चेतावनी दी गई थी कि मप्र शासन के आदेश के अनुसार 50 किलो बारदान में उपज की भर्ती कराने के आदेश को लागू करते हुए श्रमिकों से 50 किलो से अधिक वजन नहीं उठवाया जाए।

लिखित चेतावनी के बाद भी मंडी प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया और सोमवार को श्रमिकों ने 50 किलो से ज्यादा वजन के बोरों में उपज भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद व्यापारी और श्रमिक आमने-सामने हो गए। व्यापारी 50 किलो बोरा भर्ती के नियम को तत्काल लागू करने के पक्ष में नहीं है, जबकि श्रमिक इसे तत्काल लागू करना चाहते हैं।

**किसान हुए परेशान :** भोपाल से आए किशन रवि पाटीदार ने बताया कि मंडी में आए आसपास के सैकड़ों किसानों ने कई घंटे इंतजार के बाद सचिव शिव नारायण राजपूत को अपनी तकलीफ बताकर बिना सूचना मंडी बंद होने का कारण पूछा। इस पर मंडी सचिव ने उन्हें गैर जिम्मेदार तरीके से जवाब दिया। मंडी सचिव किसानों को समझाइश देने की जगह कहते नजर आए, आप मुझे मार दो।

## हम्माल बोले- व्यापारियों के दबाव में नियम लागू नहीं कर रही मंडी


उधर श्रमजीवी हमाल संगठन के अध्यक्ष सुनील सेन सहित अन्य ने मंडी प्रशासन पर व्यापारियों के दबाव में काम करने और शासन के 50 किलो बोरा भर्ती नियम को जानबूझकर लागू न करने का आरोप लगाया। श्रमिकों ने कहा कि हम किसानों को असुविधा नहीं देना चाहते। शासन के आदेश के अनुसार 50 किलो बोरा भर्ती नियम के तहत काम करना चाहते हैं, क्योंकि कई श्रमिक शारीरिक रूप से कमजोर और उम्र अधिक होने से अधिक वजन नहीं उठा पाते है।व्यापारी बोले- नए नियम से समय, लागत में वृद्धि होगी। इस बारे में अनाज व्यापारी संघ के संजय अग्रवाल ने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश के किसी भी कृषि उपज मंडी परिसर में 50 किलो बोरा भर्ती का नियम लागू नहीं है। शुजालपुर के ही श्रमिक अन्य मंडियों में जाकर 90 किलो बोरा भर्ती मे उपज उठाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 50 किलो बोरा भर्ती का नियम लागू हुआ तो व्यापारियों को मंडी परिसर में आवंटित भूखंड की जगह काम करने के लिए कम पड़ेगी। काम की लागत बढ़ने से किसान को सही दाम नहीं मिल सकेगा और काम करने में समय दुगना लगेगा।

### समझाइश देने पहुंचे अफसर

कृषि उपज मंडी परिसर में तहसीलदार आरएस परमार ने पहुंचकर व्यापारियों और श्रमिकों के साथ ही किसानों से चर्चा की और मामले का निराकरण करने का प्रयास किया। बीते सप्ताह भी हम्माल श्रमिक संघ ने अपनी मांग को लेकर हंगामा किया था, जिस पर शुजालपुर एसडीएम अर्चना कुमारी की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर महेंद्र किरार ने पहुंचकर मध्यस्थता करते हुए जल्द इस मामले का स्थायी निराकरण करवाने का आश्वासन दिया था और मंडी चालू कराई थी। भारतीय किसान संघ ने जताई नाराजगी मंडी में की तालाबंदी अनिश्चितकाल के लिए मंडी बंद नाराजगी व्यापारी और हम्मालों के बीच विवाद से विवाद से किसान नहीं बेच पा रहे अपनी फसल भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष चंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि कृषि उपज मंडी शुजालपुर मे विगत कई दिनों से व्यापारी और हम्मालो के बीच वाद विवाद की स्थिति बनी हुई है हम्माल 50 किलो और व्यापारी 90 किलों की भर्ती पर उपज तौलने पर अड़े हुए है इस विषय को लेकर दोनों पक्षों द्वारा बार-बार मंडी बंद की जा रही है आज दिनांक 4/3/2024 को व्यापारी और हम्माल संघ के बीच उसी तोल कार्य को लेकर विवाद की स्थिति के कारण मंडी का घोष विक्रय बंद कर दिया गया इसकी सूचना पूर्व मे किसानों को नही दी गई लगभग 200 किसान ट्रैक्टर मे अपनी उपज लेकर आए और बिना मंडी कराए वापस चलें गए प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार थाना प्रभारी और मंडी सचिव मौके पर आए और समझाइश देने पर भी दोनों पक्ष जिद पर अड़े रहे मंडी को पुनः चालू नहीं किया गया और किसानों को वापस जाना पड़ा किसानों की समस्या को भारतीय किसान संघ ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और अपना पक्ष लिखित में एस डी एम महोदय के नाम तहसीलदार को देते हुए मंडी मे ताला बंदी की और अनिश्चित काल के लिए मंडी बंद कर दी गई जिसमें भारतीय किसान संघ ने यह मांग रखी कि जब तक किसानों की उपज को बड़े तोल कांटे पर नहीं तोला जाएगा तब तक मंडी अनिश्चित काल के लिए बंद रहेगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

# कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सहित अनेक भाजपा में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे जन अभियान और जनहितेषी योजनाओं से प्रेरित होकर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर के समक्ष सांसद रोडमल नागर के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्य और उनकी राष्ट्रवादी सोच और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा देश हित में चलाए जा रहे विभिन्न कार्य जिनसे विश्व में भारत की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामचंद्र नागर, पूर्व सरपंच हेमराज सिंह नागर शिवनारायण नागर सेठ कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए हैं। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा में शामिल किए जाने पर कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री मध्य प्रदेश शासन गौतम टेटवाल, मंडल अध्यक्ष सतीश बैस, घनश्याम नागर, गिरवर भंडारी, जगदीश नागर,सरपंच कुलदीप नागर, बिट्ठल नागर, समाजसेवी अजय विजयवर्गीय, दुर्गेश नागर, कैलाश नागर जनपद उपाध्यक्ष द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी।

### विद्युत बिल से संबंधित शिकायतों का निराकरण शिविर आज

ब्यावरा - अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नरसिंहगढ़ अंशुमन राज द्वारा बताया गया कि विद्युत बिल से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नरसिंहगढ़ में 04 मार्च को प्रातः 11 बजे से एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्युत संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायतों की सुनवाई एवं निराकरण हेतु विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के समक्ष निराकरण किया जाएगा।

### माता बीजासन की पूजा-अर्चना और अभिषेक किया

# तीसरी बार सांसद उम्मीदवार घोषित होने पर माता बीजासन धाम पहुंचे सांसद नागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी से टिकट मिलने पर प्रसिद्ध देवी शक्ति धाम भैंसवा माता बिजासन धाम पहुंचकर सांसद रोडमल नागर द्वारा माता बिजासन की पूजा अर्चनाकर अभिषेक आरती की गई। इस अवसर पर सांसद नागर के साथ सेकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर,नलखेड़ा नपा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम राठौर, सरपंच कुलदीप नागर,मौजूद रहे । वही क्षेत्र के सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने माता के धाम पहुँच कर सांसद नागर को बाधाई दी । पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर सांसद नागर ने कहा की यह सिम्बल पार्टी का है और पार्टी ने कार्यकर्ताओ के समर्पित भाव पर मुझे यह अवसर दिया है। में व्यक्तिगत कुछ नहीं हुँ पिछले दो चुनाव में भी पार्टी का सिम्बल और पार्टी चुनाव जीती थी।

### सांसद नागर को तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न



सारंगपुर। राजगढ़ लोकसभा सांसदीय क्षेत्र से सांसद रोडमल नागर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर एबी रोड पर स्थित राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल विधायक कार्यालय सेवा सदन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल के नेतृत्व में सेवा सदन कार्यालय पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान कमलेश टेटवाल,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष राहुल पुष्पद,आकाश सूर्यवंशी,इफ्तिखार अंसारी,योगेश माहेश्वरी,आकाश शर्मा,कुलदीप टेटवाल,ईशान मंगल,प्रेम लववंशी,मोहित हाड़ा,संतोष धनगर,शुभम दावरे,राहुल इन्दौरे सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा ने मुख्यालय पर आयोजित की प्रेसवार्ता

## संकल्प पत्र के लिए सुझाव पेटी व मिस्ड कॉल नंबर किया लांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

भाजपा ने पीएम की गारंटी अभियान के तहत जनता से सुझाव आमंत्रित किए हैं जो लोकसभा चुनाव संबंधी पार्टी के मेनीफेस्टो में शामिल होंगे। इनका उद्धेष्य आमजनता की महत्वपूर्ण राय लेकर सुसासन स्थापना के लिए चल रहे प्रयासों की कड़ी में नए कदम बढ़ाना है। इसके साथ ही पार्टी दो प्रचार रथ भी जिले में चला रही है जिनके जरिए जिले के ग्रामों, कस्बों, शहरों में पहुंचकर आमजनों से संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने रविवार दोपहर संस्कृति होटल में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान एक मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 भी लांच किया गया जिस पर आमजन पार्टी को अपने सुझाव दे सकते हैं। इस अवसर पर सांसद रोड़मल नागर, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना अनुसार प्रदेष की जनता की राय जानने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## महाशिवरात्रि मेलाः झंडावंदन पूजन के साथ नपा ने की पारंपरिक मेले की शुरूआत



**नरसिंहगढ़** -शहर में पारंपरिक रूप से लगने वाले महाशिवरात्रि मेले की रविवार को नपा ने झंडावंदन, पूजन के साथ शुरूआत की। इस मौके पर विधिवत रूप से भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। झंडावंदन के बाद नपा जनप्रतिनिधियों ने भ्रमण कर मेले की व्यवस्थाएं देखी। इसके पूर्व मेले में लगने वाली दुकानो , झूला संचालको को चिंहित कर जगह का आवंटन किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष मनोज महावर, पार्षद संतोष सोनी ,अंकित साहू, दीपक शर्मा, इक्कू भाई, अतीक अहमद सहित नपा कर्मचारी मौजूद थे।

### 15 दिनों तक चलेगा मेला

रियासत के दौर से शहर में संचालित महाशिवरात्रि मेला 15 दिनो तक लगेगा। हालांकि इस पशु मेले में अब बहुत कम लोग अपने पशु लेकर आते है। जबकि दो दशक पहले तक पशु मेला धूमधाम से भराता था। जो एक महीने तक चलता था। लेकिन धीरे-धीरे पशुधन की कमी के कारण यह मेला अब सिमटकर रह गया है। मेले की तमाम व्यवस्थाऐं नपा के जिम्मे है।

## जनसंवाद एवं जन सहयोग से ही लगेगी आपराधिक गतिविधियों पर लगामः एसडीओपी सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देशानुसार रविवार को स्थानीय थाना परिसर में पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस व आमजन का सीधा संवाद हुआ। जन संवाद के माध्यम से पुलिस प्रशासन द्वारा नगर व संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा से संबंधित जानकारियां, दी पुलिस प्रशासन की और से जनसंवाद आयोजन में शहर की विभिन्न प्रकार की जानकारियां ली गई तथा बताया कि कोई भी समस्या हो सीधे हमसे संपर्क करें ताकि उसे समस्या का तत्वार्थ निराकरण हो सके एवं नगर में शांति एवं सौहार्द का माहौल कायम रहे । पुलिस की कार्यप्रणाली पर अगर कोई चर्चा हो तो वह भी सीधे बताएं। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं मीडिया तथा आम लोगों के मध्य वन-टू-वन चर्चा हुई। इस दौरान एसडीओपी अरविंद सिंह,थाना प्रभारी संतोषसिंह वाघेला ने कहा कि। जनसंवाद के माध्यम से वर्तमान में नगर व क्षेत्र में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है। इसके अतिरिक्त यदि आमजन पुलिस से कोई अपेक्षा रखते हैं तो उस पर पुलिस खरी उतर रही हैं या नहीं। आम लोगों के प्रति पुलिस का व्यवहार कैसा है और यदि कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता हैं तो इसके लिए जनसंवाद उचित माध्यम हो सकता है वन-टू-वन चर्चा में एसआई रमेश जाट ने यातायात नियमो के बारे मे जानकारी देते हुए ट्रैफिक रूल्स पर प्रकाश डालते हुए कहा की वाहन चलाते समय किन- किन बातों को ध्यान रखा जाए।

## झंडवा में भक्ति-भाव से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय की सीमा से लगे झंडवा कस्बे मे रविवार को जैन विमानोत्सव का आयोजन किया गया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन भूतनाथ ऋषभदेव जिन मंदिर पर कार्यक्रमो की शुरूआत भगवान के महामस्तिकाभिषेक के साथ की गई।

इस एक दिवसीय विमानोत्सव कार्यक्रम मे अशोकनगर, राजपुर, सिरोज आदि स्थानो से श्रृदालुजन शामिल हुए। सुबह 9:30 बजे अभिषेक का आयोजन किया गया। दोपहर 12:30 बजे भगवान की भव्य शोभायात्रा गाव की गलियो से निकाली गई। इस दौरान ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष अरूण जैन लडडू, महामंत्री राजीव जैन, कार्यकारी अध्यक्ष सजय सिघई, कोषाध्यक्ष बाबूलाल जैन और मंत्री सुनील क्रॉकरी के साथ उपाध्यक्ष विकास रिंकू नीरज रतलामी,सतीष जैन, महावीर जैन, निमेष जैन, मनोज बजाज, सुनील मंगलद्वीप आदि शामिल थे। श्रृद्दालुओ को लाने ले जाने के लिए अशोकनगर से बस सेवा उपलब्ध कराई गई थी। विमानोत्सव के बाद श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। इस दौरान फूलमाल और ज्ञानमाल के आयोजन हुए।

### खिलचीपुर में पुलिस जन संवाद कार्यक्रम हुआ संपन्न



**खिलचीपुर** - मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश व पुलिस मुख्यालय के आदेश पर खिलचीपुर पुलिस थाना का जन संवाद कार्यक्रम रविवार को मेड़तवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया, कार्यक्रम में विधायक पुत्र बापू लाल दांगी ने मंच से ही पुलिस की पोल पट्टी खोलते हुये कहा नगर में चोरियां हो रही है ओर पुलिस चोरों को पकड़ नहीं पा रही है वही खुलेआम सट्टे का कारोबार चल रहा है गांजा, स्मैक भी नगर में जोर -शोर से बिक रही है पुलिस लगाम लगाने में असफल है। ऐसा कब तक चलेगा पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं करती जबकि पुलिस को सब पता है नगर में कहां क्या हो रहा है पुलिस तो निर्दोष लोगों पर बिना जांच किये थ्प्त करने में लगी है एसा नहीं चलेगा । विधायक पुत्र बापू लाल दांगी के कथन पर थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने कार्यवाही कर दोषियों को पकड़ने की बात कही ।

### सामाजिक पुलिसिंग के लिए आयोजित किया गया संवाद कार्यक्रम

# जनता और पुलिस के बीच न हो संवादहीनताः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पुलिस और वर्दी के प्रति आमजनों का भाव या मानसिकता शुरू से एक डर वाली रही है। पुलिस डर के लिए नहीं बल्कि आमजनों को सुरक्षा एवं सहयोग प्रदान करने के लिए बनी है। आमजनों और पुलिस के बीच यदि मैत्री जैसा भाव निर्मित हो जाए तो कई जाने-अनजाने अपराधों में न केवल कमी आएगी बल्कि हम एक आदर्ष समाज का निर्माण कर पाएंगे।

उक्त बात रविवार दोपहर राजबाग गार्डन में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित पुलिस जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी श्री धर्मराज मीणा ने कही। उन्होंने कहा कि अगर आप पूरी तरह यातायात नियमों का पालन करते हुए यात्रा कर रहे हैं तो फिर आपको पुलिस से डरने की कोई जरूरत नहीं। दुर्घटनाओं के मामलों को रोकने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए हम थोड़ी सख्ती किया करते हैं जो जरूरी भी है। लेकिन निरपराध, निर्दोष व्यक्तियों को बगैर किसी डर के पुलिस का सहयोग करते हुए विवेचना में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ अपराधों में भी ईजाफा होता है लेकिन राजगढ़ जिले के पिछले सालों में दर्ज अपराधों पर नजर डालें तो उनमें कमी आई है।




### सामूहिक प्रयासों से कम हो रहे हैं अपराध

एसपी ने कहा कि सामुहिक प्रयासों से हम अपराधों के ग्राफ में और कमी ला सकते हैं। उसके लिए जरूरत है कि लोग अपनी, परिवार की, समाज की जिम्मेदारियों को समझें। संवाद कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, बार एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष अविनाष दषेहरिया, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, युमो जिलाध्यक्ष केपी पंवार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बार एसोसिएषन सचिव आलोक श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस-प्रशासन व जनता के बीच जनसंवाद

**'लखनवास।'** मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना मलावर प्रांगण मे आज पुलिस जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मलावर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। क्षेत्र के लोगो ने पुलिस की कार्यवाही की तारीफ की और क्षेत्र की बेहतरी के लिए कुछ सुझाव दिए। जिन्हे जल्द पूर्ण करने का मलावर पुलिस द्वारा आस्वाशन दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी द्वारा जनता को बाल विवाह रोकने, झगड़ा नातरा प्रथा को समाज से खत्म करने व यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

### पंद्रह घायल, पांच को जिला अस्पताल किया रेफर

# फसल काटकर लौट रहे मजदूरों से भरी ट्राली पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार शाम बहादुरपुर क्षेत्र के मलऊखेड़ी गांव में मजदूरों से भरी एक ट्राली पलट गई, जिसमें करीब दो दर्जन से अधिक मजदूर सवार थे। ट्राली पलटने से पंद्रह मजदूर घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर से जिला अस्पताल अशोकनगर रिफर किया गया है।

बताया गया है कि ग्राम बरखेड़ा जमाल के करीब दो दर्जन मजदूर फसल कटाई के लिए मलऊखेड़ी गांव गए हुए थे। फसल काटने के बाद शाम को जब वह वापिस लौट रहे थे तो मलऊ खेड़ी से ओंडेर के बीच में ट्रेक्टर अनियंत्रित हो गया। जिससे पीछे लगी ट्राली पलट गई और उसमें बैठे पंद्रह मजदूर ट्राली के नीचे दब गए। शेष बचे मजदूरों ने ट्राली को सीधा कर उन्हें बाहर निकाला और आपातकालीन वाहन 108 को सूचित किया। घायलों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। दस घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि गंभीर घायल गीता बाई पत्नी मेहरबान उम्र 60 वर्ष, रोशनी पुत्री अशोक उम्र 16 वर्ष, छोटी बाई उम्र 55 वर्ष, माया बाई पत्नी बलराम उम्र 42 वर्ष एवं मुन्नी बाई पत्नी तोरण सिंह उम्र 60 वर्ष को जिला अस्पताल भेजा गया था।

